ग्राम त वर्ग ५ × २ = १० + ६ प का अङ्क = १६ ÷ ८ = शेष० = कम धनी

वासी प वर्ग ६ × २ = १२ + ५ त का अङ्क = १७ ÷ ८ = शेष१ = अधिक धनी

यहाँ बेनी प्रसाद को नागपुर लाभ दायक नहीं होगा। वह ऋणी है। यदि गाँव ऋणी होता तो शुभ था। ऐसा ही स्वामी सेवक स्त्री पुरुष आदि में भी विचार करना।

ग्राम राशि विचार—अपनी नाम राशि से ग्राम की राशि एक हो या सातवीं हो तो शून्यता रहे ३-६ वां = घर की हानि। ४-८-१२ = रोग। शेष स्थान सुखकारक हैं।

ग्रामवास फल—ग्राम के नक्षत्र से अपना नक्षत्र गिनकर ७-७ नक्षत्र इस प्रकार रखकर फल विचारे। देखो नक्षत्र कहाँ पड़ा है उसका अङ्क के अनुसार फल विचारे।

अङ्क	मस्तक	पीठ	हृदय या उदर	चरण
नक्षत्र	७	७	७	७
फल	धनी	हानि	सुख संपदा	घुमावे

ग्राम निवास विचार

वर्ग	अ वर्ग	क वर्ग	च वर्ग	ट वर्ग	त वर्ग	प वर्ग	य वर्ग	श वर्ग
स्वामी	गरुड़	बिलाव	सिंह	श्वान	सर्प	मूषक	मृग	मेष
वर्ग अंक	१	२	३	४	५	६	७	८
दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान

पूर्व आदि आठों दिशा बली हैं। जिस वर्ग की जो दिशा है वही श्रेष्ठ है अपने से पाँचवीं दिशा मृत्यु कारक है। अर्थात् अपने नाम के वर्ग अनुसार निवास की दिशा शुभ है।

ग्राम में वर्जित वास—जो सुख चाहे तो अपनी राशि के अनुसार वास त्याग दे।

राशि	२, ३, ५, १०	६-१२	४	९	१, ७, ११		
नगर का स्थान	मध्य में	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर		
ग्राम में कहाँ	दिशा पूर्व	आ० दक्षिण	नै० पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	बीच
न बसे	राशि ८	१२	६	४	९	७	१	११	२,३,५

गृह खात या नींव शिलान्यास—अग्नि कोण में ही घर बनाने के विचार से शिला स्थापन करना। बाकी प्रदक्षिण क्रम से स्थापन करना। शिलान्यास में अश्व०, मृग०, रेव०, हस्त, रोह०, पुष्य, अनु०, ३ उत्तरा बहुत अच्छे हैं।

स्तंभ स्थापन—स्तंभ स्थापन भी अग्नि कोण में ही करना। पंचकों में स्थापन वर्जित है। सूर्य नक्षत्र के प्रारंभ के ६ और अंत के २ खराब हैं।

गृह आरंभ नक्षत्र—तीनों उत्तरा, रोह०, मृग०, चित्रा, अनु०, रेव०, शत०, स्वा० धनि०, हस्त, पुष्य इनमें गृह आरंभ शुभ है।

सूतिका गृह—पुन० में बनाना आरंभ करे अभिजित में प्रवेश करे तो शुभ है।

शुभ मास दिन—श्रावण, अगहन, वैशाख, पौष, फाल्गुन के महीने शुभ हैं शनिवार के सहित शुभ दिन हो।

सूर्य राशि और मास—मेष सूर्य—चैत्र। वृष सूर्य—ज्येष्ठ। कर्क सूर्य—अषाढ़। सिंह सूर्य—भाद्र पद। तुला सूर्य—आश्विन। वृश्चिक—कार्तिक। मकर—पौष। मकर या कुंभ—माघ। इन महीनों में बनाया घर शुभ है।

कन्या के सूर्य—कार्तिक। धन के सूर्य—माघ में घर बनाना अशुभ है। परन्तु मासों की गणना कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा से लेकर शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तक है। शुक्ल आदि क्रम से उक्त संक्रांतियों में उक्त मासों का होना दुर्घट है।

गृह आरंभ	चैत्र	वैशाख	ज्येष्ठ	आषाढ़	श्रावण	भादों	क्वार	कार्तिक	अगहन
मास फल	शोक	धान्य	मृत्यु	पशु हरण	द्रव्य वृद्धि	विनाश	युद्ध	मृत्यु	धन हानि
	पौष	माघ		फाल्गुन					
	श्री	अग्नि भय		स्त्रीप्राप्ति					

सूर्य की एकता—मीन सूर्य—चैत्र। मिथुन—ज्येष्ठ, आषाढ़। कन्या—भादों, क्वार। धन—माघ इनमें सूर्य के रहते अशुभ अन्यथा शुभ।

नारद मत—पौष, फाल्गुन, वैशाख, माघ, श्रावण, कुआर, कार्तिक ये महीने घर बनवाने में शुभ हैं। और मिथुन, कन्या, धन, मीन, ये सूर्य संक्रांतियाँ अशुभ हैं।

गृह आरंभ में पंचांग शुद्धि—रविवार, मंगलवार इनको छोड़कर अन्य वार में ४, ९-१४, ३०, १ इन तिथियों को छोड़कर अन्य तिथि में। धनि०, शत०, पूभा०, उभा० रेव० इनको छोड़ कर अन्य राशियों के लग्न में तथा ८-१२ स्थान छोड़ कर अन्य स्थानों में शुभ ग्रह के रहते ३, ६, ११ स्थान में पाप ग्रह रहते घर बनाने का आरंभ करे।

देवालय आदि स्थान भेद से राहु का मुख—देव मंदिर आदि में मीन से लेकर ३-३ राशियों में सूर्य के रहते और गृहस्थ के मकान में सिंह राशि से लेकर ३-३ राशियों में सूर्य के रहते और जलाशय में मकर से लेकर ३-३ राशियों में सूर्य के रहते। ईशान आदि कोणों में उल्टे क्रम से राहु का मुख होता है। उसके मुख के पिछले कोण में नींव देने में शुभ होता है। राहु का मुख और पीठ कहाँ रहती है चक्र में बताया है राहु की पीठ नींव में होनी चाहिये।

राहु चक्र

राहु मुख दिशा	ईशान	वायव्य	नैऋत्य	आग्नेय	मुख दिशा
देवालय आरंभ में	१२,१,२	३,४,५	६,७,८	९,१०,११	राशि में सूर्य रहते
गृह आरंभ में	५,६,७	८,९,१०	११,१२,१	२,३,४	राशि में सूर्य रहते
जलाशय आरंभ में	१०,११,१२	१,२,३	४,५,६	७,८,९	राशि में सूर्य रहते
राहु पीठ दिशा	आग्नेय	ईशान	वायव्य	नैऋत्य	पीठ दिशा

जिस राशि में राहु का मुख हो उसकी पहली दिशा में खात (नींव) होता है उस दिशा में खोदना शुभ होता है जैसे ईशान में राहु का मुख हो तो उसका पृष्ठ आग्नेय में होगा। वायव्य में मुख हो तो ईशान में पृष्ठ होगा। नैऋत्य में मुख हो तो वायव्य में पृष्ठ। आग्नेय मुख हो तो नैऋत्य पृष्ठ समझना।

खात विचार में भूमि सुप्त का भी विचार करना।

गृह आरंभ—जब गुरु शुक्र सूर्य तथा चंद्र अपने उच्चादि स्थान में बलवान हों गुरु सूर्य तथा चन्द्र का बल देख कर गृह आरंभ करना। जामित्र के बिना शेष विवाहोक्त महादोषों को तथा रिक्ता तिथि रविवार, मंगलवार, चर लग्न व चर लग्न का नवांश या सूर्य तथा मंगल के नवांश इन सब को छोड़कर गृह आरंभ करे। घर बनाने के नक्षत्र से गृह आरंभ के नक्षत्र तक गिनकर गिनने से तीसरा नक्षत्र दुःख देता है। पाँचवाँ—यश नाश। सातवाँ आयु क्षय करता है।

जब सूर्य मेष का हो तो घर स्थापन शुभ है। वृष—जन वृद्धि। मिथुन—मृत्यु। कर्क—शुभ। सिंह—भृत्यों की वृद्धि। कन्या—रोग। तुला—सुख। वृश्चिक—धन वृद्धि। धन—बहुत हानि। मकर—धन प्राप्ति। कुंभ—पुत्र लाभ। मीन—भय।

गृह आरंभ में शुभ काल—पुष्य, ३ उत्तरा, रोह०, मृग०, श्रव०, श्ले०, पूषा० इन नक्षत्रों में गुरु हो और गुरुवार के दिन बनाया हुआ घर पुत्र और राज्य का देने वाला है।

(२) विशाखा, अश्व, चित्रा, धनि०, शत०, आर्द्रा, इन नक्षत्रों में शुक्र हो और शुक्रवार के दिन बनाया घर धन धान्य देने वाला है।

(३) हस्त, पुष्य, रेव०, मघा, पूषा०, मूल इनमें मंगल ग्रह हो और मंगलवार के दिन बनाया घर अग्नि भय व पुत्रों को क्लेश दायक होता है।

(४) रोह०, अश्व०, पूफा०, चित्रा, हस्त में बुध हो और बुधवार के दिन बनाया घर सुख तथा पुत्रों को देने वाला है।

(५) पूभा०, उभा०, ज्ये०, अनु०, स्वा०, भर० में शनि ग्रह हो और शनिवार को बनाया घर राक्षस व मृत युक्त रहता है।

इष्टर्क्ष ज्ञान—नक्षत्र	अश्व०	भर०	कृत०	रोह०	मृग०	आर्द्रा	पुन०	पुष्य	श्ले०
इष्टर्क्ष	पुष्य	अश्व०	शत०	उभा०	अनु०	पूफा०	उफा०	हस्त	चि०
संख्या	८	१	२४	२६	१७	११	१२	१५	१४
नक्षत्र	मघा	पूफा०	उफा०	हस्त	चि०	स्वा०	विशा०	अनु०	ज्ये०
इष्टर्क्ष	ज्ये०	उफा०	अनु०	मृग०	मूल०	श्रव०	धनि०	पूफा०	मघा
संख्या	१८	१२	१७	५	१८	२२	२३	११	१०
नक्षत्र	मूल०	पूषा०	उषा०	श्रव०	धनि०	शत०	पूभा०	उभा०	रेवती
इष्टर्क्ष	श्ले०	रेव०	पूभा०	रेव०	शत०	मूल०	मृग०	रेव०	उफा०
संख्या	९	२७	२५	२७	२४	१९	५	२७	२६

यहाँ ऊपर दिये हुए नक्षत्र का इष्टर्क्ष नीचे दिया है और उसकी संख्या दी है जैसे मृग का इष्टर्क्ष अनु० संख्या १७ है।

कोई कृत्य करना हो जैसे घर बनाना घर में दरवाजा लगाना आदि समय का या जहाँ बसना हो वहाँ के गाँव का नक्षत्र या किसी कार्य करने के नक्षत्र का इष्टर्क्ष संख्या में १ घटा कर १५२ का गुणा करना और करता के नक्षत्र की इष्टर्क्ष संख्या में १ घटाकर ८१ का गुणा करना। दोनों के गुणनफल को जोड़कर ८ का भाग देना शेष आय होगी उससे आय जानना जो नीचे दिया है। जैसे कृत्य या गाँव का नक्षत्र मृग० है उसका इष्टर्क्ष अनु० १७–१ = १६ × १५२ = २४३२। कर्ता का नक्षत्र शत० का इष्टर्क्ष मूल १९–१ = १८ × ८१ = १४५८। दोनों का योग = ३८९० ÷ ८ = शेष = २ धूम = फल मरण।

१	२	३	४	५	६	७	८	क्रम
ध्वज	धूम	सिंह	श्वान	वृष	खर	गज	ध्वांक्ष	आय नाम
फल कृतार्थ	मरण	कोप	राज्य	दुःख	मृत्यु			फल
प्रसन्नता								

आय का इतर ज्ञान

आय वर्ग	अ वर्ग	क वर्ग	च वर्ग	ट वर्ग	त वर्ग	प वर्ग	य वर्ग	श वर्ग
आय नाम	ध्वज	धूम	सिंह	श्वान	वृष	खर	गज	ध्वांक्ष (काग)
आय क्रम	१	२	३	४	५	६	७	८
आय स्वामी	सूर्य	शुक्र	मंगल	शनि	गुरु	चन्द्र	राहु	बुध
आय दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान

इष्ट आय और नक्षत्र के विचार से घर का स्थान

कोई व्यक्ति किसी ग्राम में बसना चाहता है तो उस स्थान के प्रसिद्ध नाम की राशि और अपने नाम की राशि और नक्षत्र में जैसा विवाह में मिलाया जाता है। राशि कूट आदि ठीक मिल जाने पर वहाँ घर बनाने विचार करना चाहिये।

(ग्राम नक्षत्र संख्या—१) = शेष × १५२ = गुणनफल ।

फिर घर जिस दिशा में बनाना हो या घर में जिस दिशा में द्वार लगाना हो उस का इष्ट आय लेना ।

इष्ट आय की ध्वज आदि क्रम से जो संख्या हो वह लेना (इष्ट आय संख्या–१) = शेष × ८१=गुणनफल । (नक्षत्र गुणनफल + आय गुणनफल) = + १७ = योग ÷ २१६= मकान के क्षेत्रफल का पिंड ।

उदाहरण—नामदेव विक्रमपुर में घर बनाना चाहता है । नामदेव की वृश्चिक राशि अनुराधा नक्षत्र है । विक्रमपुर वृष राशि रोहिणी नक्षत्र है । दोनों का राशि कूट आदि मिल जाता है । अब घर वहाँ दक्षिण दिशा में बनाना चाहता है ।

रोहिणी नक्षत्र संख्या ४–१ = ३ × १५२ = ४५६ गुणनफल ।

ध्वज आदि क्रम दक्षिण का सिंह तीसरा आय है । आय संख्या ३–१ = शेष २ × ८१ = १६२ गुणनफल । (४५६ + १६२) = ६१८ दोनों गुणनफल का योग ६१८ + १७ = ६३५ । ६३५ ÷ २१६ = २ $\frac{२०३}{२१६}$ = २०३ पिंड हुआ । पिंड २०३ ÷ ८ = शेष ३ सिंह आय ।

यदि पूर्वोक्त रीति से ध्वज आय आता हो तो चारों दिशाओं में से जिस ओर इच्छा हो दरवाजा लगा सकते हो । सिंह आय–पूर्व दक्षिण पश्चिम में कहीं भी । वृष–पूर्व । गज–पूर्व दक्षिण में से जहाँ इच्छा हो दरवाजा लगावे ।

मकान बनाने को ध्वज आय में ब्राह्मण को पश्चिम दरवाजा शुभ, सिंह आय में क्षत्रिय को उत्तर दरवाजा शुभ । वैश्य को वृष आय में पूर्व दरवाजा शुभ । शूद्र को गज आय में दक्षिण दरवाजा शुभ ।

घर का आय व्यय विचार

स्थान का इष्ट नक्षत्र संख्या ÷ ८ शेष व्यय ।

स्थान का नक्षत्र रोहिणी संख्या ४ ÷ ८ = शेष ४ व्यय ।

पिंड २०३ ÷ ८ शेष ३ आय । यहाँ आय से व्यय अधिक है शुभ नहीं । और भी विचार = (व्यय + ध्रुवादि के नामाक्षर + पिंड) ÷ ३ = शेष १ = इन्द्र । २ = यम । ३ = राज अंश । घर में यम का अंश शुभ नहीं होता । शेष अंश शुभ हैं । ध्रुवादि के नामाक्षर नीचे दिये हैं—

ध्रुवादि के नामाक्षर—	१	२	३	४	५	६	७	८
	ध्रुव	धान्य	जय	नंद	खर	कांत	मनोरथ	सुमुख
	२	२	२	२	२	२	४	३
९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६	
दुर्मुख	उग्र	रिपुद	विदत्त	नाश	आक्रन्द	विपुल	विजय	
३	२	३	३	२	३	३	३	

पिंड अर्थात् घर का क्षेत्रफल (लम्बाई × चौड़ाई) पर से अन्य आचार्य के मत से घर सम्बन्धी आय वार आदि साधन ।

पिंड × ९ ÷ ८ शेष आय = २०३ × ९ = १८२७ ÷ ८ = शेष ३ = आय सिंह
पिंड × ९ ÷ ७ ,, वार = २०३ × ९ = १८२७ ÷ ७ = ,, ३ = वार शनि
पिंड × ६ ÷ ९ ,, अंश = २०३ × ६ = १२१८ ÷ ९ = ,, ३ = तीसरा
पिंड × ८ ÷ १२ ,, धन = २०३ × ८ = १६२४ ÷ १२ = ,, ४ = धन चार
पिंड × ३ ÷ ८ - ,, ऋण = २०३ × ३ = ६०९ ÷ ८ = ,, १ = ऋण एक
पिंड × ८ ÷ २७ -,, नक्षत्र = २०३ × ८ = १६२४ ÷ २७ = ,, ४ = ४ रोहिणी
पिंड × ८ ÷ १५ -,, तिथि = २०३ × ८ = १६२४ ÷ १५ = ,, ४ = तिथि चौथ
पिंड × ४ ÷ २७ ,, योग = २०३ × ४ = ८१२ ÷ २७ = ,, २ = प्रीति योग २
पिंड × ८ ÷ १२० ,, आयु = २०३ × ८ = १६२४ ÷ १२० = ,, ६४ = ६४ आयु

प्रयोजन—नक्षत्र से गृह आरम्भ के नक्षत्र तक तथा स्वामी के नक्षत्र तक गिनना जितनी संख्या हो ÷ ९ = शेष विषम १, ३, ५, ७, आदि = घर अशुभ। शेष सम २, ४, ६ आदि हों तो घर शुभ।

तिथि आदि उपरोक्त का प्रयोजन—४, ९, १४, ३० इन में से कोई तिथि मकान की उक्त गणना से आवे तो शुभ है। इसी प्रकार विषकुंभ आदि योग त्यागना। शुभ योग वाला घर शुभ। अधिक वर्ष तक टिकने वाला घर शुभ।

घर और स्वामी के नक्षत्र का विचार

घर का और घर के स्वामी का नक्षत्र एक हो तो मरण। परन्तु एक ही राशि हो तो दोष नहीं। भिन्न राशियों में भी दोष नहीं। इसमें यहाँ नाड़ी वेध का दोष नहीं होता।

इसका और उदाहरण

मान लो किसी घर की लम्बाई ३० × चौड़ाई २० = ६०० क्षेत्रफल हुआ।

(१) ६०० × ९ = ५४०० ÷ ८ = शेष ८ = ० = आय
(२) ६०० × ९ = ५४०० ÷ ७ = शेष ३ = वार मंगलवार
(३) ६०० × ६ = ३६०० ÷ ९ = ० = ९ अंश
(४) ६०० × ८ = ४८०० ÷ १२ = ० = १२ धन (बारा)
(५) ६०० × ३ = १८०० ÷ ८ = ० = ८ ऋण (आठ)
(६) ६०० × ८ = ४८०० ÷ २७ = २१ नक्षत्र (उत्तराषाढ़ा)
(७) ६०० × ८ = ४८०० ÷ १५ = ० = १५ तिथि (पूर्णिमा)
(८) ६०० × ४ = २४०० ÷ २७ = १४ योग (शुक्ल)
(९) ६००. × ८ = ४८०० ÷ १२० = शेष ० = १२० आयु १२०

विषम आय शुभ होती है। सम आय अशुभ है। यहाँ ८ सम आय अशुभ है। मंगलवार अशुभ है। घर में आग लगने का भय है। यहाँ अंश को नवांश या कोई तारा मानते हैं। तारा ३ बचे तो धन नाश, ५ यश हानि, ७ गृह कर्ता का मरण, यहाँ ९ तारा शुभ है।

घर की राशि अपनी राशि गिनने पर २–१२ = धन हानि। ९–५ पुत्र हानि। ६–८ अशुभ। अन्य शुभ हैं।

वर्ग क्रम	१	२	३	४	५	६	७	८
	अ वर्ग	क वर्ग	च वर्ग	ट वर्ग	त वर्ग	प वर्ग	य वर्ग	श वर्ग
स्वामी	गरुड़	मर्जार	सिंह	स्वान	सर्प	मूषक	गज	शशक
दिशा	पूर्व	अग्निकोण	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान

यहाँ विचार है रामसिंह नागपुर में वसना चाहता है। रामसिंह वर्ग ७ य वर्ग और नागपुर वर्ग ५ त वर्ग रामसिंह ७ नागपुर ५ = ७५ ÷ ८ शेष ८ धन लाभ। नागपुर ५ रामसिंह ७ = ५७ ÷ ८ = शेष ३ ऋण। इसे वसना लाभ जनक है।

नया घर बनाना मना—जब सूर्य ९, १२, ३ या ६ राशि का हो नया घर नहीं बनाना। जब सूर्य, चन्द्र, गुरु, शुक्र बलहीन हो, अस्तंगत या नीच के हों तब घर बनाने से घर स्वामी की स्त्री, सुख तथा धन नाश हो।

गृह आरंभ—३ उत्तरा, रोह०, पुष्य०, अनु०, हस्त०, चित्रा०, धनि०, शत०, रोह० में गृह आरम्भ शुभ है द्विस्वभाव या स्थिर लग्न हो जिसमें शुभ ग्रह हों या शुभ ग्रह की दृष्टि हो।

पृथ्वी शोधन प्रकार—प्रश्न कर्ता के मुख से जो आदि अक्षर निकले उसी से नवीन मकान के लिए पृथ्वी शोधन का विचार करे अ वर्ग आदि ८ वर्ग हैं उनकी दिशाओं में शल्य क्रम से जानो ह य प इन अक्षरों का उच्चारण प्रश्न में हो तो सबका विचार नीचे दिया है।

अ वर्ग–पूर्व दिशा में १॥ हाथ गहरा खोदने पर मनुष्य की हड्डी मिले–मृत्यु कारक
क वर्ग–आग्नेय में २ २ ,, ,, गधा की हड्डी मिले–राजदंड, भय, अशांति
च वर्ग–दक्षिण में कमर बराबर खोदने पर नर की हड्डी मिले-चिरकाल के रोग से मरण
ट वर्ग–नैऋत्य में १॥ हाथ गहरा खोदने पर कुत्ते की हड्डी मिले–बालकों को मृत्यु कारक
त वर्ग–पश्चिम में १॥ हाथ गहरा खोदने पर बालक की हड्डी मिले–गृहस्वामी गृह में तिष्ठे
प वर्ग–वायव्य में ४ हाथ गहरा खोदने पर जली भूसी का कोयला मिले–मित्र नाश दुःस्वप्न हो
य वर्ग–उत्तर में १ हाथ गहरा खोदने पर ब्राह्मण की हड्डी मिले–निर्धन हो कुबेर सम हो
श वर्ग–ईशान में १॥ हाथ गहरा खोदने पर गौ का हाड़ मिले–गौ धन नाश

ह य प अक्षर का आदि में प्रश्न कर्ता का हो तो गृह के बीच छाती बराबर गहरे में मनुष्य की खोपड़ी व भस्म व लोहा निकले। फल—कुल नाश। खनन प्रकार—जहाँ तक पत्थर मिले वहाँ तक खोदना या एक पुरुष तक गहरा खोदना। जगह शुद्ध करना।

ईशान देवता	सर्व वस्तु	पूर्व स्नान	मंथन	आग्नेय रसोई घर
औषधि				घृत संग्रह
उत्तर भण्डार				दक्षिण शयन
मैथुन				मल त्याग
वायव्य धान्य संग्रह	रोदन	पश्चिम भोजन	विद्या अध्यन	नैऋत्य हथियार

खोदने में पत्थर निकले तो धन, आयु की वृद्धि हो। ईंट–ध्यान प्राप्त। कपाल, कोयला केश मिले तो रोग से पीड़ित हो।

कौन घर कहाँ हो—पूर्व–स्नान घर। आग्नेय—रसोई घर। दक्षिण–शयन गृह। नैऋत्य—हथियारों का। पश्चिम—भोजन का। वायव्य—धान्य

संग्रह। उत्तर—भंडार। ईशान—देव घर। सूर्य आग्नेय के मध्य—दही मथने का। आग्नेय दक्षिण के मध्य—मल त्यागने का। नैऋत्य पश्चिम के मध्य—विद्याभ्यास का। पश्चिम वायव्य के मध्य—रोदन करने का। उत्तर वायव्य के मध्य—मैथुन का। उत्तर ईशान मध्य—औषधि का। ईशान पूर्व के मध्य—सब वस्तुओं के संग्रह का घर बनाना चाहिये।

पर हस्त गामी गृह—जिसके प्रारम्भ काल में शत्रु के नवांश में कोई एक ग्रह भी लग्न से ७–१० स्थान में हो तो वह घर एक वर्ष के भीतर ही अन्य के हाथ चला जाता है। परन्तु यह योग तभी होता है जब कि घर बनाने वाले के ब्राह्मण आदि वर्ण के स्वामी ग्रह निर्बल हों यदि ये ग्रह बली हों तो शुभ है। गुरु शुक्र–ब्राह्मण के। मंगल सूर्य–क्षत्रिय के। चन्द्र–वैश्य का। बुध–शूद्र का स्वामी ग्रह है।

१६ प्रकार के गृह नाम	१	२	३	४	५	६	७	८
घरों के नाम	ध्रुव	धान्य	जय	नंद	खर	कान्त	मनोरम	सुमुख
और फल फल	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अ०	शुभ	शुभ	शुभ
	९	१०	११	१२	१३	१४	१५	१६
गृह नाम	दुर्मुख	उग्र	निपुद	धनद	क्षय	आक्रन्द	विपुल	विजय
फल	अशुभ	अ०	अ०	शुभ	अ०	अ०	शुभ	शुभ

दिशा अंक पूर्व १, दक्षिण २, पश्चिम ४, उत्तर ८। दिशा भेद से जितने दरवाजे घर में बनाने हों उनके दिशाओं के अंक जो ऊपर दिये हैं सबको जोड़कर उसमें एक और मिलाना जितनी संख्या हो उस क्रम से ऊपर बताये गृहों के नाम होंगे जिनका शुभाशुभ फल ऊपर दिया है। इनमें १,२,३,४,५,६,१०,१३ क्रम के घर के नाम में २ अक्षर हैं। क्रम ७ के नाम में ४ अक्षर हैं। ८,९,११,१२,१४,१५,१६ घर के नाम में ३ अक्षर हैं। इनका जैसा नाम है वैसा फल है।

१ ध्रुव—घर के चारों दिशाओं में दरवाजा न हो केवल ऊपर ही खुला हो अर्थात् कोठी के सदृश हो। २ धान्य—पूर्व की ओर दरवाजा हो। ३ जय—दक्षिण का द्वार। ४ नंद—पूर्व दक्षिण। ५ खर—पश्चिम। ६ कांत—पूर्व पश्चिम। ७ मनोरम—दक्षिण पश्चिम। ८ सुमुख—पूर्व दक्षिण पश्चिम। ९ दुर्मुख—उत्तर। १० उग्र—पूर्व उत्तर। ११ निपुद—दक्षिण उत्तर। १२ धनद—पूर्व उत्तर दक्षिण। १३ क्षय–पश्चिम उत्तर। १४ आक्रन्द—पूर्व पश्चिम उत्तर। १५ विपुल—दक्षिण पश्चिम उत्तर। १६ विजय—पूर्व दक्षिण पश्चिम उत्तर द्वार।

देवालय मठ आरम्भ—गृह आरम्भ में जो नक्षत्र कहे हैं वे ही मठ, ठाकुरद्वारा शिवालय आदि के आरम्भ में शुभ हैं। तथा अश्व०, पुन०, श्रवण इन नक्षत्रों के सहित भी देवालय शुभ है।

द्वार—वर्ग	अ वर्ग	क वर्ग	च वर्ग	ट वर्ग	त वर्ग	प वर्ग	य वर्ग	श वर्ग
दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
शत्रु दिशा	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य

पूर्वोक्त वर्ग वाले पूर्व आदि दिशाओं में बली होते हैं। इनसे पाँचवाँ शत्रु होता है। जैसे पूर्व में अ वर्ग बली है इसका पाँचवाँ त वर्ग शत्रु है जिसकी दिशा पश्चिम है। इस कारण अ वर्ग वाले को पश्चिम दिशा में वास करना और पश्चिम में दरवाजा लगाना वर्जित है।

वर्ण क्रम से दरवाजे की दिशा कौन राशि का क्या वर्ण है उस के अनुसार द्वारदिशा

४–८–१२ राशि	(ब्राह्मण)	वर्ण को पूर्व में घर का द्वार हितकर है।				
३–६–१० ,,	(वैश्य)	,,	दक्षिण	,,	,,	,,
३–७–११ ,,	(शूद्र)	,,	पश्चिम	,,	,,	,,
१–५–९ ,,	(क्षत्रिय)	,,	उत्तर	,,	,,	,,

महीनों में दरवाजे की दिशा—कुम्भ के सूर्य में फाल्गुन में–४–५ राशि के सूर्य में–श्रावण में, मकर के सूर्य में–पौष में घर बनाये तो पूर्व या पश्चिम द्वार शुभ है। १, २ राशि के सूर्य में–वैशाख में, ७, ८ राशि के सूर्य में–अगहन में घर बनावें तो उत्तर या दक्षिण शुभ है।

तिथि अनुसार द्वार दिशा—पूर्णिमा से कृष्ण ८ तक–पूर्व दिशा में। कृष्ण ८ से १४ तक–उत्तर। अमावस से शुक्ल ८ तक–पश्चिम। शुक्ल ९ से १४ तक–दक्षिण इन दिशा में बनाया घर का द्वार शुभ नहीं होता। २, ३, ५, ६, ७, १०, ११, १२ इन तिथियों में बनाया द्वार शुभ होता है। शुक्ल पक्ष में सौख्य और कृष्ण पक्ष में चोरी होती है। वाराह जी ने कहा है कि मार्ग, वृक्ष, किसी मकान का कोण, कूप, नाबदान इन सबके सामने का द्वार शुभ नहीं होता। परन्तु जितनी ऊँची मकान की दीवाल हो उसकी दूनी भूमि छोड़कर यदि कोई वेध कारक मार्ग आदि उक्त वस्तु हो तो दोष नहीं होता। द्वार के प्रसंग में विश्वकर्मा ने कहा है कि देव स्थान, विहार, जलशाला मंडप यज्ञशाला इनमें तो मध्य में और अन्य स्थानों के मध्य स्थान छोड़कर द्वार लगाना चाहिए क्योंकि मकान के मध्य में वास्तु पुरुष का वास रहता है।

द्वार चक्र—अंग	सिर	कोण	बाजू	देहली	मध्य
नक्षत्र	४	८	८	३	४
फल	लक्ष्मी	उजड़ जाय	सौख्य	स्वामी मरण	सौख्य

जिस नक्षत्र में सूर्य हो उससे लेकर वर्तमान नक्षत्र तक गिनकर ४ नक्षत्र सिर अर्थात उत्तरांग में रखे इसमें घर का द्वार लगाया जाय तो घर में लक्ष्मी वास करे। बाद ८ नक्षत्र चारों कोनों में रखे तो घर उजाड़ हो। बाद ८ नक्षत्र शाखा अर्थात बाजुओं में रखे तो रहने वाले को सुख हो। बाद ३ नक्षत्र देहली (चौखट) में रखे तो घर स्वामी का मरण हो। बाद ४ नक्षत्र दरवाजे के मध्य में रखे तो रहने वाले को सुख हो। इस चक्र के अनुसार दरवाजा लगाना शुभ होता है।

अन्य प्रकार नक्षत्र ४ २ ४ २ ३ १ ४ २ ४
कपाट चक्र फल धनागम विनाश सुख बंधन मृत्यु घाव शुभ मंगल शुभ

सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनकर फल विचारना।

सूर्य राशि में सूर्य ४, ५, १०, ११ पूर्व पश्चिम में द्वार बनाना शुभ
द्वार मुख— ,, १, २, ७, ८ उत्तर दक्षिण ,, ,,
३, ६, ९, १२ इनमें गृह न बनावे। बनावे तो दुःख हो।

द्वार लगाने का मुहूर्त—अश्व०, ३ उत्तरा, हस्त, पुष्य, श्रव०, मृग०, स्वा०, रेव०, रोह० इन नक्षत्रों में द्वार लगाना श्रेष्ठ है

प्लव (पनारा) विचार—दिशा पूर्व उत्तर दक्षिण पश्चिम ईशान में
फल वृद्धि धन देवे मृत्यु कारक धन हानि शुभ,

पूर्व उत्तर अति वृद्धि कारक है। अन्य दिशा में पनारा निकाले तो अशुभ हानि कारक है।

गृह प्रवेश—४ प्रकार का है (१) नव वधू प्रवेश (२) सुपूर्व प्रवेश (३) अपूर्व प्रवेश (४) द्वन्द्वामय प्रवेश। (१) नव वधू प्रवेश विवाह प्रकरण में दे चुके हैं (२) विदेश से लौटकर आने का नाम सुपूर्व प्रवेश (३) अपने बनाये नये घर में पहिले-पहल जाने का नाम अपूर्व प्रवेश है (४) शीतोष्ण आदि द्वन्द्व अर्थात जल अग्नि राजादि कृत उपद्रव से भय न होने के लिए अपने या पराये घर में जाने का नाम द्वन्द्वामय प्रवेश है।

सुपूर्व, अपूर्व प्रवेश मुहूर्त—उत्तरायण तथा ज्येष्ठ, माघ, फाल्गुन, वैशाख इन महीनों में तथा पूर्व द्वार—कृत०, रोह०, मृग०, आर्द्रा, पुन०, पुष्य, श्ले०। दक्षिण द्वार—मघा, पूफा०, उफा०, हस्त, चित्रा, स्वा०, विशा०। पश्चिम द्वार—अनु०, ज्ये०, मूल, पूषा०, उषा० अभि०, श्रव०। उत्तर द्वार—धनि० शत०, पूभा०, उभा०, रेव०, अश्व०, भरणी। इस प्रकार कृतिका आदि लेकर ७-७ नक्षत्र चारों दिशाओं में कल्पित करने पर जो नक्षत्र दरवाजे के सामने पड़ते हैं तथा चित्रा, अनु०, मृग०, रेव०, तीनों उत्तरा में तथा शुक्ल पक्ष में और दशमी तिथि तक, कृष्ण पक्ष में भी, तथा जन्म राशि, जन्म लग्न इन दोनों से ३, ६, १०, ११वीं राशि के लग्न में रहते विदेश से लौट कर पुराने या नये घर में राजा का प्रवेश करना शुभ कहा है यहाँ राजा प्रधान होने से कहा है परन्तु सब मनुष्यों को उक्त मुहूर्त में गृह प्रवेश करना चाहिये।

गृह प्रवेश—उत्तरायण में प्रवेश के दिन वास्तु पूजा और भूत वलि कर गृह प्रवेश करे। चित्रा, अनु०, रेव०, पुष्य, स्वा०, धनि०, श्रव०, मूल० ये नक्षत्र शुभ हैं। रविवार, मंगलवार रिक्ता तिथि वर्जित है। मंगलवार को अश्वनी हो तो गृह प्रवेश वर्जित है। स्थिर लग्न में, जन्म राशि या जन्म लग्न से उपपद (३, ६, १०, ११) लग्न हो, धन, कोण, केन्द्र, पराक्रम तथा लाभ स्थान में शुभ ग्रह हो। ३, ६, ११ घर में पाप ग्रह हो। ४-८ स्थान शुद्ध हो (कोई ग्रह वहाँ न हो) तब गृह प्रवेश शुभ है। जब क्रूर ग्रह से नक्षत्र विद्ध हो तो तीनों प्रकार के गृह (नया, पुराना तथा मरम्मत किया हुआ) वर्जित है। शुक्र पृष्ठ में हो तथा सूर्य बायाँ हो तो पल्लव युक्त कलश व ब्राह्मणों को आगे कर घर में प्रवेश करे।

वाम सूर्य पूर्व द्वार = लग्न से ८,९,१०,११,१२ स्थान में सूर्य होने पर इस प्रकार वाम विचार दक्षिण ,, = ,, ५,६,७,८,९ ,, ,, ,, सूर्य होता है।
पश्चिम ,, = ,, २,३,४,५,६ ,, ,, ,, इसमें प्रवेश
उत्तर ,, = ,, ११,१२,१,२,३ ,, ,, ,, शुभ है।

अर्थात् पूर्व द्वार वाले को ८, ९ आदि राशि का सूर्य हो तब वह वाम भाग में पड़ता है। इस प्रकार पूर्व द्वार वाले गृह में प्रवेश करने वाले को सूर्य वाम पड़ जाने से अति शुभ फल होता है।

गृह प्रवेश तिथि—पूर्व द्वार वाले घर में = ५, १०, १५ तिथि में प्रवेश शुभ है।
दक्षिण ,, ,, = १, ६, ११ ,, ,,
पश्चिम ,, ,, = २, ७, १२ ,, ,,
उत्तर ,, ,, = ३, ८, १२ ,, ,,

जोर्ण आदि गृह प्रवेश—कार्तिक, अगहन, श्रावण और पूर्वोक्त माघ, फाल्गुन, वैशाख, ज्येष्ठ इन महीनों में और शत०, पुष्य, स्वा०, धनि०, और पूर्वोक्त चित्रा, अनु०, मृग०, रेव०, तीनों उत्तरा, रोह० इनमें तथा पूर्वोक्त लग्न में किसी अन्य के बनाये हुए या पुराने घर में या अग्नि जल राजा इत्यादि के उपद्रव से नष्ट हो जाने पर फिर से मरम्मत किये हुए या बनवाये हुए नये मकान में प्रवेश करना शुभ होता है।

परन्तु यहाँ पूर्वोक्त गृह प्रवेश से विशेष यह है कि शुक्र गुरु का अस्त व बाल वृद्ध अवस्था व सिंह मकर राशि में स्थित गुरु व लुप्त सम्वत्सर आदि काल के दोषों का विचार आवश्यक नहीं है। किन्तु किसी प्रकार की पंचांग शुद्धि देख कर विहित तिथि वार नक्षत्र आदि में वास्तु पूजा करके गृह प्रवेश करना शुभ है जैसा वशिष्ठ जी ने कहा है कि पहले गृह प्रवेश में काल शुद्धि विचारनी चाहिए द्वन्द और सौपूर्विक गृह प्रवेश में नहीं।

गृह प्रवेश में अंग—	१	२	३	४	५	६	७	८
	मुख	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	गर्भ	पेंदा	कंठ
कुंभ चक्र नक्षत्र	१	४	४	४	४	४	३	३
	अग्निदाह	घर उजड़े	लाभ	लक्ष्मी	कलह	नाश	स्थिरता	स्थिरता



जिस नक्षत्र पर सूर्य हो उससे दिन नक्षत्र तक गिने। फिर जिस नक्षत्र पर सूर्य हो उसे मुख में रखकर क्रमानुसार दिन नक्षत्र जहां पड़े उसका फल १ मुख (पहिला सूर्य नक्षत्र) = अग्नि में जले। २ पूर्व–४ नक्षत्र–घर उजड़ जाय। ३ दक्षिण–४ नक्षत्र–लाभ हो। ४ पश्चिम–४ नक्षत्र–लक्ष्मी प्राप्त। ५ उत्तर–नक्षत्र–झगड़ा हो। ६ मध्य (पेट) में–४ नक्षत्र–विनाश। ७ पेंदा–३ नक्षत्र–धरती की स्थिरता। ८ कंठ–३ नक्षत्र–स्थिरता रहे।

गृह प्रवेश के पश्चात् कर्तव्य—राजा को चाहिये कि विचारे हुए शुभ मुहूर्त में वस्त्र, मंडप, वंदनवार, फूलों की माला वेद ध्वनि इत्यादि शुभ वस्तु संयुक्त अपने घर में प्रवेश करके शिल्पज्ञ, ज्योतिषी पुरोहित को यथा योग्य भेंट देकर सन्मानित करें और पुरवासियों को भी वस्तु देवें।

कुंआ आदि बनवाना

कूप चक्र

(१)

अशुभ ३ ईशान	अशुभ ३ पूर्व	शुभ ३ आग्नेय
उत्तर ३ शुभ	मध्य ३ शुभ	दक्षिण ३अशुभ नैऋत्य
वाक्य ३ अशुभ	पश्चिम ३	३ शुभ

(१) सूर्य नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनकर कूप चक्र बना कर फल विचारना। मध्य–३ नक्षत्र–फल स्वादिष्ट जल। पूर्व–३ नक्षत्र–खंडित जल। आग्नेय–३ स्वाद जल। दणिण ३–जल क्षय। नैऋत्य–३ स्वाद जल। पश्चिम ३–क्षार जल। वाक्य–३ शिला निकले। उत्तर–३ मीठा जल। ईशान–३ क्षार जल।

(२)

	३ अशुभ पूर्व	
ईशान		आग्नेय
३अशुभ उत्तर	मध्य ३ नक्षत्र शुभ	३ शुभ दक्षिण
३शुभ		३अशुभ
वायव्य ३अशुभ	पश्चिम ३ शुभ	नैऋत्य ३ शुभ

(२) रोहिणी आदि लेकर दिन नक्षत्र तक गिनकर कूप चक्र का फल विचारना। मध्य–३ नक्षत्र–शीघ्र जल स्वादिष्ट हो। पूर्व–३ नक्षत्र–भूमि खंडित करे अर्थात कोई विचार (दरार) पड़े। आग्नेय–३ सुन्दर जल। दक्षिण–३ निर्जल। नैऋत्य–३ अमृत जल। पश्चिम–३ शोभन जल। वायव्य–३ जल को हनै। उत्तर–३ स्वाद जल। ईशान–कडुवा या खारा जल और अल्प जल निकले।

(३) मंगल के नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनकर कूप चक्र विचारना

नक्षत्र	१	५	४	३	३	४	३	४
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	रोग	अशुभ	यश	अर्थसिद्धि	जल भंग

(४) चौथा प्रकार राहु नक्षत्र से दिन नक्षक्ष तक गिनकर कूप चक्र विचारना

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३
फल	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ

इनके पश्चात् ४ नक्षत्र मध्य में देना पूर्व राहु = शोक करे। आग्नेय = जल संपदा हो। दक्षिण = स्वामी का मरण। नैऋत्य = दुःख प्राप्त हो। पश्चिम = सुन्दर सौभाग्य। वायव्य = जल की वृद्धि। उत्तर = निर्जल। ईशान = जल सिद्धि। मध्य = जल निकले। अपने ही रूप से राहु सदा फल देता है।

कूप मुहूर्त—हस्त, चित्रा, स्वा०, शत०, अनु०, मघा, तीनों उत्तरा, रोह०, इन नक्षत्रों में कुंआ खोदना शुभ है।

कुंआ आदि खुदवाना—अनु०, हस्त०, तीनों उत्तरा, रोह०, धनि०, शत०, मघा, पूषा०, रेव०, पुष्य, मृग० नक्षत्र में पाप ग्रहों के निर्बल रहते और लग्न में गुरु, शुक्र, बुध के रहते लग्न से दशम में शुक्र और जल राशि में चन्द्र हो तब वापी कूप तड़ाग आदि जलाशय का खनन शुभ है। भूमि सूत्र और राहु का भी विचार करे।

जलाशय में	दिशा	ईशान	वायव्य	नैऋत्य	आग्नेय
राहु मुख—	सूर्य राशि	१०,११,१२	१-२-३	४-५-६	७-८-९

घर में कूप खनन

ईशान पुष्टि	पूर्व ऐश्वर्य प्राप्ति	आग्नेय पुत्र नाश
उत्तर सौख्य	मध्य धन नाश	दक्षिण स्त्री नाश
वायव्य शत्रु से पीड़ा	पश्चिम सम्पत्ति	नैऋत्य घर स्वामी मरण

इनमें केवल ४ शुभ स्थान उत्तर, ईशान, पूर्व और पश्चिम है।

तड़ाग चक्र (तालाब)—

स्थान	पूर्व	आग्नेय	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	मध्य	वारिवाह
नक्षत्र	२	२	२	२	२	२	२	५	५
फल	बहु जल	बहु जल	अमृत जल	स्वाद जल	शोष जल	स्थित जल	धारा जल	छिद्र जल	पूर्ण जल

सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक गिनकर उपरोक्त स्थानों में उपरोक्त क्रमानुसार नक्षत्र रखे। मध्य में छिद्र अर्थात् खण्डित जल। जलस्थ में—पूर्ण जल।

निवार (नवार) चक्र—

दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान	मध्य
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	४
फल	जल का सुख	भय	दुःख	दुःख	भय	भय	धन वृद्धि	भय	जल का सुख

राहु के नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनकर उपरोक्त फल विचारें।

जलाशय वगीचा आदि में देव स्थापन—जलाशय एवं वगीचा के प्रतिष्ठा में शुभ लग्नमात्र विचारना ग्रह योग के विचारों की विशेषता नहीं है।

देवस्थापन—उत्तरायण और गुरु, शुक्र, चन्द्र इन तीनों के उदय रहते मृदु, क्षिप्र, चर ध्रुव संज्ञक नक्षत्रों में शुक्ल पक्ष में जिस देवता आदि की प्रतिष्ठा करनी हो उसी के नक्षत्र व तिथि व मुहूर्त में रिक्त तिथि व मंगलवार छोड़कर अन्य दिनों में तड़ाग आदि जलाशय का उत्सर्ग व बगीचा आदि का उत्सर्ग व देवस्थान शुभ है।

अपने तिथि नक्षत्र आदि का अभिप्राय यह है जैसे श्रवण नक्षत्र का स्वामी विष्णु, आर्द्रा का स्वामी शिव आदि है इन नक्षत्रों में इन देवों की स्थापना करना। चन्द्र आदि ग्रहों की पुष्य नक्षत्र में, हस्त में सूर्य की, रेवती में गणेश की। शिव, ब्रह्मा, को पुष्य, श्रवण, आर्द्रा अभिजित में। श्रवण में विष्णु। अनुराधा में कुवेर स्कंद। मूल में दुर्गा। सप्त ऋषि जिन नक्षत्रों में देखे जाते हैं उसमें सप्त ऋषि व्यास आदि की। या पुष्य में सप्त ऋषि आदि की। यक्ष, भूत, विद्याधर, अप्सरा, राक्षस, गन्धर्व किन्नर, पिशाच गुह्यक सिद्ध आदि रेवती में। जिन श्रवण में, इंद्र कुवेर वर्जित लोकपाल धनिष्ठा में, शेष देव तीनों उत्तरा में रोहिणी में प्रतिष्ठा करना।

देव स्थान की लग्न—सूर्य प्रतिष्ठा सिंह लग्न में, ब्रह्मा—कुंभ। विष्णु—कन्या। शिव—मिथुन। देवी मिथुन, धन, मीन लग्न में। चर लग्न में योगिनी आदि देवियों की स्थिर लग्न में शेष देवता इंद्र आदि की।

पुष्करणी (नदी) बनवाना—पुष्य, अनु०, हस्त, तीनों उत्तरा, धनि०, शत०, रोह० पूषा०, मघा, मृग० नक्षत्र में गोचर में सूर्य शुद्ध हो, शुभ योग, शुभ वार तिथि में क्रूर ग्रह बलहीन हों पूर्ण चन्द्र जलज राशियों में हों, लग्न से दशम में शुक्र हो ९, १२, ४, २, ७ लग्न में, शुभ नवांशों में नदी खुदवाना शुभ है।

वर्षा विचार

नक्षत्र	लिंग	सूर्य या चंद्र नक्षत्र	नक्षत्र	लिंग	सूर्य या चंद्र नक्षत्र	नक्षत्र	लिंग	सूर्य या चंद्र नक्षत्र
१ अश्व०	पुरुष	चंद्र	१० मघा	स्त्री	चंद्र	१९ मूल	पुरुष	सूर्य
२ भर०	,,	,,	११ पूफा०	,,	सूर्य	२० पूषा०	,,	चन्द्र
३ कृति०	,,	,,	१२ उफा०	,,	,,	२१ उषा०	,,	,,
४ रोह०	,,	सूर्य	१३ हस्त०	,,	,,	२२ श्रव०	,,	,,
५ मृग०	,,	,,	१४ चित्रा	,,	,,	२३ धनि०	,,	,,
६ आर्द्रा०	स्त्री	चन्द्र	१५ स्वा०	,,	,,	२४ शत०	,,	सूर्य
७ पुन०	,,	,,	१६ विशा.	नपुंषक	,,	२५ पूभा०	,,	चंद्र
८ पुष्य	,,	,,	१७ अनु०	,,	,,	२६ उभा०	,,	सूर्य
९ श्ले०	,,	,,	१८ ज्ये०	,,	,,	२७ रेवती	,,	चंद्र

नपुंसक नक्षत्र में स्त्री नक्षत्र आवे वायु चले। कहीं-कहीं वृष्टि संभव।

दोनों स्त्री नक्षत्र = मेघ दर्शन। स्त्री + पुरुष नक्षत्र=वर्षा हो।

दिन नक्षत्र और महा नक्षत्र दोनों सूर्य के=वायु चले। दोनों चंद्र के=मेघ नहीं वर्षे।

चन्द्र + सूर्य नक्षत्र=अच्छी वरसा हो। पुरुष + पुरुष=वर्षा न हो।

मेघ नक्षत्र = अश्व०, मृग०, पुष्य, रेव०, श्रव०, मघा, स्वा० इनमें सूर्य प्रवेश करें तो वर्षा अधिक हो।

जल लग्न—२, ४, ७, ८, ११, १२ ये ७ लग्न हैं इनमें सूर्य नक्षत्र मिले तो वर्षा हो।

अन्य मत—दोनों चन्द्र नक्षत्र—वर्षा हो। दोनों सूर्य—हवा चले। चन्द्र + सूर्य = या सूर्य + चन्द्र=सुन्दर वृष्टि हो।

वर्षा—चैत्र शुक्ल १ से ९ तक यदि मेघ का गर्जन रहे तो आर्द्रा से चित्रा तक रहने से वर्षा होगी। अर्थात् परमा को—आर्द्रा में गर्भ रहे। द्वितीया को पुनर्वसु। तृतीया को पुष्य में इत्यादि में वर्षा होगी।

वृष्टि वाहन—सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक गिनकर ७ का भाग दे—शेष वाहन १ अश्व, २ शशा, ३ वाराह, ४ श्वान, ५ वृषभ, ६ दादुर, ७ महिष नाम के अनुसार फल।

वर्षा—पूष महीने में मूल से भरणी तक, चन्द्र नक्षत्र में बादल न हो तो आर्द्रा से विशाखा तक सूर्य नक्षत्र न वर्षे।

ग्रह से वृष्टि विचार—शुक्र बुध के उदय अस्त समय—वर्षा हो। जल राशि का चंद्र (कुम्भ मीन का) हो तो—वर्षा हो। पक्ष के अन्त में व संक्रान्ति में—वर्षा हो। बुध शुक्र समीप हो—बहुत वर्षा हो। इन दोनों के बीच में सूर्य हो तो समुद्र पर्यन्त सूख जाय। मंगल जब राशि से चले तो—वर्षा हो। शनि के चलने में—त्रिधा वृष्टि हो। शुक्र पीछे को चले—तो पृथ्वी वर्षा से मुदित हो। सूर्य के आगे मंगल हो तो—जल सूखे। सूर्य के पीछे मंगल हो—पृथ्वी भर में वर्षा हो।

यात्रा विचार

यात्रा—२ प्रकार की है (१) मनुष्य द्रव्य आदि कमाने तीर्थयात्रा आदि के निमित्त यात्रा करता है यह यात्रा किसी कार्य की सिद्धि के लिए होती है यह साधारण पंचांग आदि की शुद्धि रहने से होती है।

(२) समर यात्रा को जाना—इसमें राजा की कुण्डली राजयोग आदि विचार कर शुभ लग्न आदि विचार कर होती है। राजा से प्रधान मनुष्य भी गिने जाते हैं।

यात्रा मुहूर्त पर विचार—यात्रा के विना किसी प्राणी का व्यौहार नहीं चल सकता अच्छे ग्रह की दशा में तथा शुभ मुहूर्त या शकुन में यात्रा करने से विना अधिक परिश्रम किये कार्य की सिद्धि होती है अशुभ मुहूर्त में अशुभ ग्रह की दशा में यात्रा करने से हानि होती है।

यात्रा के नक्षत्र—ह०त०, मृग०, अनु०, श्रव०, अश्व०, पुष्य, रेव०, धनि०, पुन० ये नक्षत्र यात्रा में शुभ हैं परन्तु ३, ५, १, ७ तारा यात्रा में वर्जित है।

यात्रा के मध्यम नक्षत्र—रोह०, उत्तरा, चित्रा, मूल, आर्द्रा, पूषा०, उभा, उषा।

निंदित नक्षत्र—तीनों पूर्वा	मघा	भरणी	कृत०	चित्रा	स्वा०	विशा	ज्ये०	जन्म नक्षत्र
घड़ी	१६	११	७	२१	१४	१४	१४	सम्पूर्ण सम्पूर्ण

आर्द्रा श्ले० १४ १४ | ये नक्षत्र यात्रा में वर्जित हैं परन्तु इनकी आदि की उपरोक्त बतायी हुई घड़ी त्याज्य हैं। चित्रा की अन्त की १४ घड़ी त्याज्य हैं। आवश्यक कार्य में ऊपर बताई घड़ी त्याग कर यात्रा करना।

दिन के त्रिभाग अनुसार त्याज्य नक्षत्र—दिन के और रात्रि के ३ भाग कर उसके अनुसार वर्जित करना।

दिन के त्रिभाग	रात्रि के त्रिभाग
१–भाग–तीनों उत्तरा, रोह०, विशा०, कृत०	१–रेव०, चित्रा, अनु०
२–भाग–मूल, ज्ये०, आर्द्रा, श्ले०	२–तीनों पूर्वा, भर०, मघा
३–भाग–अश्व०, अभि०	३–स्वा०, पुन० धनि०, शत०

सर्वकाल में शुभ नक्षत्र—श्रव०, हस्त० पुष्य०, मृग०इनमें यात्रा करना सब काल में शुभ है। पुष्य सर्व सिद्धि दायक है जैसे विद्या आरम्भ में गुरु। अनुराधा, हस्त०, पुष्य अश्वनी दिग्द्वारिक नक्षत्र कहलाते हैं इनमें सब दिशाओं की यात्रा शुभ है इनमें विना चन्द्र दिशा के विचार किये यात्रा करना।

वर्ज नक्षत्र—रोह०, तीनों उत्तरा, ज्ये०, शत०, मूल, तीनों पूर्वा इन नक्षत्रों में यात्रा वर्जित है इनमें यात्रा करे तो मनुष्य कभी लौट कर नहीं आता ये मध्यम नक्षत्र हैं शनिवार को रोहणी में यात्रा कभी नहीं करना।

वार अनुसार गमन फल—इतवार में गमन करे—मार्ग में क्लेश हो। सोमवार—बंधु और प्रिय दर्शन। मंगल—अग्नि चोर भय, ज्वर। बुध—द्रव्य और सुख। गुरु—आरोग्य सुख। शुक्र—लाभ और शुभ फल। शनि—बंधन रोग मरण।

वार दोष परिहार—रात्रि में—सूर्य, गुरु, शुक्र वार दोष नहीं लगता।
दिन में—चन्द्र, मंगल, शनिवार का दोष नहीं लगता।
दिन रात में—बुधवार का दोष लगता है वर्जित हैं।

दिशा अनुसार	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वायव्य	उत्तर	ईशान
वार दोष	सोमवार	सोम	गुरुवार	सूर्य	सूर्य	मंगल	मंगल	मंगल
दिशा शूल	शनि		गुरु		शुक्र	शुक्र	बुध	शनि

इन दिशाओं में इन दिनों यात्रा न करे।

यात्रा में वार अनुसार वस्त्र—

रविवार	बुध	शनि	गुरु	शुक्र	मंगल	सोमवार	गमन में
नीला	पीत	काला	श्वेत		रक्त	चित्र	धारण करें

तिथि अनुसार त्याज्य लग्न—तिथि नन्दा-लग्न ५,७, ८, १०। भद्रा-९-१२-जया-३, ६। रिक्त-१, ४। पूर्णा-२-११ लग्न। इन तिथियों में यात्रा की ये लग्न त्याज्य हैं। इनमें यात्रा नहीं करना और जन्म लग्न, जन्म चन्द्र की राशि में भी यात्रा नहीं करना।

यात्रा में वर्जित तिथि—६, १२, ८, शुक्ल १, १५, ३०, ४, ८, १४ ये तिथियाँ यात्रा में शुभ नहीं हैं। इनको छोड़कर अन्य तिथि में यात्रा करें।

तिथि नक्षत्र आदि वर्जित	दिशा	तिथि	वार	नक्षत्र	समय(काल शूल)
	पूर्व	१– ९	शनि सोम	श्रव०, ज्ये०	सूर्योदय (प्रातः)
	दक्षिण	५–१३	गुरुवार	धनि० से ५ नक्षत्र	मध्यान
	पश्चिम	६–१४	रवि शुक्र	रोह०	सायंकाल
	उत्तर	२–१०	मंगल बुध	उफा०, हस्त०	मध्य रात्रि

इनमें यात्रा करना वर्जित है। नक्षत्र और दिन भी हो तो खराब है।

अन्य मत—दिशा	नक्षत्र	वार	जो मनुष्य अपना विजय तथा
पूर्व	ज्येष्ठा	सोम, शनि	जीवन चाहता है तो इनमें यात्रा न
दक्षिण	पूभा०	गुरुवार	करे। यदि दोनों वार और नक्षत्र
पश्चिम	रोह०	रवि, शुक्र	हो तो बहुत हानिकर होते हैं।
उत्तर	भर०	मंगल, बुध	

यात्रा में	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण	काल शूल या
वर्जित काल	ऊषाकाल	गौधूलि	अर्द्ध रात्रि	अभिजित समय	कालवेला।

इन दिशाओं में ये समय छोड़कर दूसरे समय में यात्रा करना अर्थात् प्रातःकाल पूर्व दिशा छोड़ कर अन्य दिशा में यात्रा करना। गौधूलि वेला में पश्चिम नहीं जाना अन्य दिशा में जा सकते हो। आधी रात को उत्तर छोड़ कर अन्य दिशा में जाना। अभिजित मुहूर्त में दक्षिण छोड़ कर अन्य दिशा में जा सकते हो।

अष्टम मुहूर्त जिसे अभिजित या कुतप कहते हैं उसमें यात्रा करने से शुभ होता है परन्तु उसमें दक्षिण दिशा को जाना वर्जित है। जब मध्याह्न के समय सूर्य अभिजित मुहूर्त में होता है तब भद्रा व्यतीपात तथा दुष्ट ग्रहों के दोष को शांत कर शुभ फल देता है। जब किंचित संध्या काल हो जावे तथा कोई-कोई तारे दिखाई देने लगें तो विजय नाम मुहूर्त होता है। इसमें सब काम सिद्ध होते हैं। जब नवम लग्न आदि का बल न दिखे तो उषाकाल अभिजित तथा गौधूलि सदा शुभ होते हैं। परन्तु उषाकाल में पूर्व, गौधूलि में पश्चिम, अभिजित में दक्षिण की यात्रा वर्जित है। जब इससे भी अधिक आवश्यकता हो तो काल होरा वारवेला से देखना चाहिये।

विजय दशमी प्रशंसा—आश्विन मास की शुक्ल १० तिथि विजया संज्ञक है। यह यात्रा करने वालों के सम्पूर्ण काम सिद्ध करने वाली है। यदि श्रवण नक्षत्र से युक्त हो तो अति श्रेष्ठ है। ऐसी प्रथा है कि उस दिन यात्रा करने के लिए मुहूर्त आदि का विचार नहीं करते। इस दिन राजा की यात्रा विजय या संधि कराने वाली है।

यात्रा में	लग्न	९, १, ७	१०, ११, ८	५, ४, २	६, १२, ३
लग्न विचार	कार्य	कार्य में विलंब	मृत्यु कारक	कार्य सिद्ध	शुभ अन्न धन प्रद

चर या द्विस्वभाव लग्न में यात्रा करना। स्थिर लग्न में कभी यात्रा नहीं करना इसमें यात्रा से कुशल नहीं है। यात्रा में कुंभ लग्न या कुंभ का नवांश सदा वर्जित करना। मीन लग्न में यात्रा करने से दुःख होता है मीन के नवांश या मीन लग्न में यात्री भटक जाता है।

जन्म लग्न या जन्म राशि इन दोनों के स्वामी शुभ ग्रह जिस लग्न में हो उनमें की हुई यात्रा शुभ होती है। जन्म लग्न या जन्म राशि से आठवीं राशि के लग्न में रहने या अपने शत्रु की राशि जन्म लग्न या जन्म राशि से छठवीं राशि के लग्न में रहते या इन राशियों के स्वामी लग्न में हों तो यात्रा करने वाले राजा की यात्रा मृत्यु देने वाली होती है।

मीन कुंभ को छोड़ कर अन्य लग्न का चन्द्र वर्गोत्तम नवांश में हो तो यात्रा वांछित फल देने वाली होती है।

यात्रा सिद्धि—राजाओं को ब्राह्मण चोरों की शेष मनुष्यों की यात्रा सिद्ध
योग से नक्षत्र से शकुन से मुहूर्त से होती है

सह गमन वर्जित—पिता पुत्र एक साथ यात्रा न करें। दो सहोदर भाई एक साथ यात्रा न करें। ९ स्त्रियाँ या ३ ब्राह्मण एक साथ यात्रा न करें।

यात्रा का शुभाशुभ समय जानना—जन्म नक्षत्र से दिन नक्षत्र तक गिनकर ९ का भाग देवें। शेष १ गर्दभ—अर्थ नाश। २ घोड़ा—धन लाभ। ३ हस्ती—लक्ष्मी। ४ मेढ़ा—मरण। ५ जंबुक—स्वल्प लाभ। ६ सिंह—सब कार्य सिद्ध। ७ काग—निष्फल। ८ मोर—सुख प्राप्ति। ९—हंस—सर्व सिद्धि।

अंक मुहूर्त—गमन तिथि × १५ ÷ ७ = शेष ० = पीड़ा यदि तीनों में अंक बचे
वार × ३ ÷ ८ = शेष ० = बहुत भय तो विजय हो।
नक्षत्र × ४ ÷ ९ = शेष ० + मरण

अन्य प्रकार—जिस दिन यात्रा करनी हो उस दिन शुक्ल पक्ष की परिवा से लेकर जो तिथि हो, अश्वनी से लेकर जो नक्षत्र हो रविवार से गिनकर जो वार संख्या हो। इन तीनों संख्या का योग कर ३ स्थान में रखे पहिले स्थान में ७ का दूसरे में ८ का तीसरे में ३ का भाग दें। इन तीनों स्थानों में से प्रथम स्थान में शून्य रहे तो यात्री को बहुत दुःख हो। दूसरे स्थान में शून्य रहे तो धन हानि हो। तीसरे स्थान में शेष शून्य रहे तो यात्री की मृत्यु हो। तीनों स्थानों में अंक बचे तो सुख प्राप्त हो।

दक्षिण में प्रसिद्ध अडल भ्रमर दोष—सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक गिनकर ७ का भाग दें। शेष २–७ महाडल दोष। शेष ३–६ भ्रमण दोष होता है। ये दोनों दोष यात्रा में वर्जित हैं। महाडल = ताड़ना। शेष १, ४, ५ में आडल नहीं होता गमन में शुभ है।

हिवराख्य (हिवर)—सूर्य नक्षत्र से चंद्र नक्षत्र तक गिनकर वर्तमान तिथि जोड़ कर ९ का भाग दें। शेष ७ बचे तो हिवराख्य योग होता है इसमें यात्रा करना शुभ है। अन्य मत से शेष ३ रहे वह फावड़ मुहूर्त भी यात्रा में शुभ है।

अन्य मत—सूर्य नक्षत्र से चन्द्र नक्षत्र तक की संख्या + पक्ष + तिथि + वार इनका योग + ९ = शेष ७ हिम्वर योग यात्रा में शुभ है।

यात्रा का शुभ समय—गर्ग मत—रात्रि की पिछली ५ घड़ी उषाकाल में गमन शुभ। वृहस्पति—शकुन। अंगिरा मत से—मन का उत्साह शुभ। जनार्दन के मत से—ब्रह्म वाक्य शुभ है।

यात्रा में त्रिनवमी दोष विचार—घर में प्रवेश तिथि, वार, नक्षत्र से नवम तिथि वार नक्षत्र में और यात्रा की तिथि वार नक्षत्र से नवम तिथि वार नक्षत्र में गृह प्रवेश न करें। प्रवेश के दिन से नवम दिन प्रमाण नवमी है और यात्रा के दिन से नवम दिन प्रवेश नवमी कही जाती है। ये तीनों यात्रा में निषिद्ध हैं अर्थात् प्रवेश के उपरांत नवें दिन नवें वार नवें नक्षत्र में यात्रा कभी नहीं करना।

यात्रा वर्जित—यज्ञोपवीत, देव प्रतिष्ठा, विवाह, होलिका उत्सव, और जनन-मरण-आशौच इन सबके समाप्त हुए बिना यात्रा न करे। ऐसे ही अकाल (कुसमय) में, पूष आदि ४ मास में बिजली चमकने पर मेघों के गर्जन पर, वर्षा होने पर कुहरा पड़ने पर ७ दिन तक यात्रा न करे।

यात्रा में निषिद्ध—अयन शूल, नक्षत्र शूल, मास शूल, योगिनी, समतिथि शूल, काल शूल, सन्मुख, बुध, शुक्र, शुक्र की वृद्धता क्षीणता आदि और ललाट आदि योग, परिघ दंड दोष आदि योग यात्रा में वर्जित हैं।

अयन शुद्धि—जब सूर्य चंद्र दोनों उत्तरायण में हों तो उत्तर पूर्व की यात्रा करे ये दक्षिणायन में हों तो पश्चिम दक्षिण की यात्रा करे। यदि सूर्य चंद्र का अयन भिन्न हो अर्थात् एक उत्तरायण दूसरा दक्षिणायन हो तो कहे हुए क्रम से सूर्य के अयन की दिशा की यात्रा दिन में करे। चंद्र के अयन में यात्रा रात्रि में करे। इससे अन्यथा करने वालों को हानि होती है।

मास भेद से यात्रा—सूर्य राशि १, ५, ९ में यात्रा उत्तम, २, ३, ६, ७, १०, ११ के सूर्य में मध्यम और ४-८-१२ के सूर्य में अशुभ। यात्री बहुत दिन में लौटे। यह अपनी राशि से सूर्य का विचारना।

तारा—जन्म नक्षत्र से यात्रा के दिन तक गिनने से जितनी संख्या हो उसमें ९ का भाग देना शेष १, ३, ५, ७ की तारा यात्रा में निषिद्ध है।

दिशा अनुसार	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	इन पर चढ़ कर दिशा अनुसार
वाहन यात्रा	हाथी	रथ	घोड़ा	पालकी	यात्रा करे।

चन्द्र वास—दिशा	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	राशि अनुसार इन दिशाओं में
राशि	१-५-९	२-६-१०	३-७-११	४-८,१२	चंद्र का वास रहता है।

सन्मुख चंद्र = अर्थ लाभ। दहिने = सुख सम्पदा। पीछ = शोक सन्ताप। बाँये = धन क्षय। मान लो आज मेष का चंद्र है यदि पूर्व दिशा की यात्रा की जाय तो सम्मुख होगा। पश्चिम यात्रा की जाय तो पीठ में होगा। उत्तर यात्रा में चन्द्र दक्षिण होगा। दक्षिण यात्रा में चन्द्र बाँये होगा। सन्मुख चन्द्र शुभ है। पीठ या वाम अशुभ है। अति आवश्यक होने पर वाम चन्द्र भी ले सकते हो। परन्तु पृष्ठ का चन्द्र सदैव वर्जित करना।

सन्मुख चन्द्र का माहात्म्य—करण वार संक्रांति, तिथि, कुलिक, याम, यामार्द्ध शनि, राहु, केतु, बुध, गुरु इत्यादि के सम्पूर्ण दोषों को सम्मुख चन्द्र नाश करता है।

लग्न की वास दिशा—यह चन्द्र सदृश है जैसे पूर्व में १, ५, ९ राशि आदि। जिस दिशा की यात्रा की जाय उस दिशा में सन्मुख लग्न = विजय, दाहिने बाँयें मध्यम, पीछे = हानि कारक।

वार दोष दिशा शूल चक्र



पूर्व = चंद्र शनिवार। दक्षिण = गुरुवार। पश्चिम=सूर्य शुक्र। उत्तर= बुध मङ्गलवार। ईशान = मङ्गल शनि। आग्नेय=सोम, गुरु। नैऋत्य= रवि शुक्र। वायव्य = मङ्गल शनि उस दिन इन दिशाओं में यात्रा न करे।

रात्रि की यात्रा में गुरु शुक्र रवि का वार दोष नहीं होता। दिन को यात्रा में चन्द्र शनि मङ्गल का वार दोष नहीं होता। परन्तु दिन रात दोनों में बुध का नवांश वर्जित करना। दिशा शूल दिन और रात्रि में वर्जित करना परन्तु उपरोक्त परिहार आवश्यक होने पर बताया है।

नक्षत्र शूल—पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	ये यात्रा में वर्जित हैं।
ज्येष्ठा	अश्व	रोहिणी	उफा०	
अन्य मत पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर	ये नक्षत्र महाशूल हैं।
श्रवण	पूभा	पुष्य	हस्त	
ज्येष्ठा	अश्व	रोहिणी	उफा०	यात्रा में त्याज्य हैं।

योगिनी—दिशा	पूर्व	उत्तर	आग्नेय	नैऋत्य	दक्षिण	पश्चिम	वायव्य	ईशान
तिथि	१,९	२,१०	३,११	४,१२	५,१३	६,१४	७,१५	८,३०

यात्रा में वहस में जुआ खेलने में संग्राम में सन्मुख योगनी वर्जित है। योगिनी बांये = सुख मिले। पीठ = अभीष्ट कार्य सिद्ध। दक्षिण = धन नाश। सन्मुख = मृत्यु।

काल राहु—वार	रवि	सोम	मङ्गल	बुध	गुरु	शुक्र	शनिवार
काल पाश कालदिशा	उत्तर	वायव्य	पश्चिम	नैऋत्य	दक्षिण	आग्नेय	पूर्व
पाशदिशा	दक्षिण	आग्नेय	पूर्व	ईशान	उत्तर	आग्नेय	दक्षिण

रात में विपरीत काल के साम्हने पाश होता है। रात्रि में काल के स्थान में पाश और पाश के स्थान में काल (काल राहु) समझना। काल के सन्मुख पाश रहता है। जैसे दिन का दिशा काल रवि को उत्तर में, रात्रि को दक्षिण में होगा। रवि का पाश दिन में दक्षिण में है तो रात को उत्तर में होगा। यात्रा और युद्ध में सन्मुख काल और पाश वर्जित हैं। काल दक्षिण शुभ। पाश बाईं ओर शुभ।

काल वेला—उत्तर—दिन के पहले पहर में। पूर्व—दूसरे पहर मध्याह्न। दक्षिण—तीसरे पहर। पश्चिम—अर्द्ध रात्रि में गमन करे।

ललाट योग दिशा	पूर्व	आग्नेय	दक्षिण	नैऋत्य	पश्चिम	वाय०	उत्तर	ईशान
स्थान लग्न	११-१२	१०	८-९	सप्तम	५-६	चौथा	२,३	घर
स्वामी	सूर्य	शुक्र	मङ्गल	राहु	शनि	चन्द्र	बुध	में गुरु

इन योग में इन दिशाओं में यात्रा नहीं करना ये ललाट कहे जाते हैं।

ललाट में फल	सूर्य अग्नि भय	चन्द्र व्याधि	मंगल खजाना नाश	बुध शत्रु से पराजय	गुरु सेवा का नाश	शुक्र इन सब फलों को देता है।	शनि मृत्यु

दिशा का स्वामी ललाट में हो या दिशाशूल युक्त हो तो यात्री का वध या बन्धन हो। केन्द्र में हो तो धन और जय देता है।

ललाट योग



दिग्बल

लग्न—पूर्व—बुध, गुरु

सप्तम—पश्चिम शनि

दशम—दक्षिण—सूर्य, मङ्गल

चतुर्थ—उत्तर—शुक्र, चन्द्र

जिस दिशा का स्वामी ललाट में हो या दिग्बल से युक्त हो तो यात्री का वध या बन्धन हो।

परिध दण्ड दोष



उत्तर, पूर्व दिशा के नक्षत्रों में दक्षिण पश्चिम की यात्रा नहीं करना और दक्षिण-पश्चिम के नक्षत्रों में उत्तर-पूर्व की यात्रा नहीं करना। यात्रा में इस प्रकार परिघ दण्ड का उल्लंघन नहीं करना। वायव्य और अग्नि कोण में परिघ दण्ड होता है।

पूर्व में आग्नेय शामिल है। दक्षिण में—नैऋत्य। पश्चिम में—वायव्य। उत्तर में—ईशान शामिल है।

परिघ दण्ड का अपवाद—राजा को चाहिये कि पूर्व कही रीति से पूर्व दिशा के नक्षत्रों में अग्नि कोण की यात्रा करे ऐसे ही और मानना अर्थात् दक्षिण में नैऋत्य कोण की यात्रा करे। पश्चिम में—वायव्य कोण। उत्तर—ईशान। पूर्व में आग्नेय कोण का यात्रा करे। अत्यन्त आवश्यक हो तो दिशाशूल छोड़कर परिघ दण्ड का उल्लंघन करके यात्रा करे। यदि दिग्बल शुद्ध हो अर्थात् मेषादि ४-४ राशियाँ पूर्वादि चारों दिशाओं की स्वामिनी हैं। इस क्रम से यदि लग्न सम्मुख पड़ती हो और लग्न से अष्टम आदि स्थानों में कोई अनिष्ट ग्रह न हो। मघा श्रवण नक्षत्र में पूर्व यात्रा आवश्यक हो तो मेष सिंह या धन लग्न में यात्रा करे।

परिघ का अन्य अपवाद—अनु०, हस्त०, पुष्य०, अश्व० इन नक्षत्रों में सब दिशाओं की यात्रा शुभ है। केन्द्र में स्थित वक्री ग्रह और लग्न में स्थित वक्री ग्रह का षडवर्ग और वक्री ग्रह का दिन ये सब यात्रा में निषिद्ध है।

दोहद—यात्रा में अनिवार्य कार्य से बाहर जाना हो, उस समय दिशा, वार, तिथि का दोष हो तो उस दोष के परिहार के लिए कुछ पदार्थों के भोजन से दोष निवृत्ति हो जाती है इसी को दोहद कहते हैं।

तिथि दोहद—१ तिथि–आक का पत्ता। २–चावल की धोवन। ३–घृत। ४–हलुआ या लपसी या इमली या जव का मांड। ५–हविष्य अन्न। ६–सुवर्ण का धोया जल। ७–पुआ। ८–खट्टा निम्बू या अनार का फल। ९–जल या कमल का जल। १०–गोमूत्र। ११–यव या यव का भात। १२–दूध की खीर। १३–गुड़। १४–रक्त का स्मरण या स्पर्श। १५-३०–मूंग। यदि किसी को कोई खाद्य पदार्थ न मिले तो उसका स्मरण या दर्शन शुभ होता है। उस तिथि में कहे हुए दोहद का भक्षण या स्मरण या स्पर्श या दान कर यात्रा करे तो कार्य सिद्ध हो।

वार दोहद—रविवार–दही में शक्कर और मेवा या घी मिलाकर, या घी या शक्कर। सोम–दूध या खीर। मङ्गल–गुड़ या कांजी। बुध–तिल या पका दूध। गुरु–दही। शुक्र–कच्चा दूध या जव। शनिवार–भात में तिल या उड़द। इनको भक्षण कर यात्रा करे तो कार्य सिद्ध हो।

दिशा दोहद—पूर्व–घी। दक्षिण–भात में तिल। पश्चिम–मछली। उत्तर–दूध। जिसका खाद्य मछली नहीं है। वह स्पर्श कर या स्मरण कर यात्रा करे।

पूर्व की यात्रा में ३ दिन तक दूध वर्जित है। और ५ दिन पहिले क्षौर वर्जित है। तथा शहद तेल यात्रा के दिन अवश्य वर्जित करे।

नक्षत्र दोहद—इस दोहद में एक विचित्र बात है कि कुछ पशु पक्षी का मांस भक्षण बताया है। जो मांसाहारी हैं उनको ठीक अवसर पर इसका मांस मिलना कठिन है। इस कारण इन पशु पक्षी का स्मरण कर लेना ही उचित है। इनका केवल स्मरण कर यात्रा करना चाहिये।

(१) अश्व=पके हुये खड़े उड़द। (२) भरणी=तिल मिले चावल। (३) कृत=उड़द। (४) रोह=गौ का दही। (५) मृग=गौ का घी। (६) आर्द्रा=गौ का दूध। (७) पुन०=हरिण का मांस। (८) पुष्य=हरिण का रक्त। (९) श्ले०=खीर। (१०) मघा=चाष (नील कंठ) पक्षी का मांस। (११) पूफा०=मृग का मांस। (१२) उफा०=शशा का मांस। (१३) हस्त=साठी चावल का भात। (१४) चित्रा=कुमकुम (अनाज)। (१५) स्वा=पुआ। (१६) विशा०=अनेक प्रकार के पक्षियों का मांस। (१७) अनु=सुन्दर फल। (१८) ज्ये०=कछुआ का मांस। (१९) मूल=सारिका का मांस। (२०) पूषा=मोर का मांस। (२१) उषा=सेही का मांस। (२२) अभि=मूंग आदि हविष्यान्न। (२३) श्रव०=खिचड़ी। (२४) धनि०=मूंग भात। (२५) शत०=यव का पिशान। (२६) पूभा=मछली का भात। (२७) उभा=

अनेक प्रकार का पका अन्न (बितान्त)। (२८) रेवती = दही भात। आवश्यक कार्य में भक्षाभक्ष का विचार कर जिस नक्षत्र में जो दोहद कहा है। उसका भक्षण करे, देखे, या उनका स्मरण करने के बाद यात्रा करे।

घात विचार

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धन	मकर	कुंभ	मीन
	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२
घात लग्न	१	२	४	७	१०	१२	६	८	९	११	३	५
घात वार	रवि	शनि	सोम	बुध	शनि	शनि	गुरु	शुक्र	शुक्र	मंगल	गुरु	शुक्र
घात तिथि	नंदा	पूर्णा	भद्रा	भद्रा	जया	पूर्णा	रिक्ता	नंदा	जया	रिक्ता	जया	पूर्णा
	१,६	५,१०	२,७	२,७	३,८	५,१०	४,९	१-६	३-८	४-९	३-८	५,१०
	११	१५,३०	१२	१२	१३	१५,३०	१४	११	१३	१४	१३	१५,३०
घात चन्द्र राशि	१	५	९	२	६	१०	३	७	४	८	११	१२
घात नक्षत्र	मघा	हस्त	स्वा.	अनु.	मूल	श्रव.	शत.	रेवती	भर.	रोह.	आर्द्रा	श्लें०
,,काल चंद्र	४	८	३	१०	१२	९	६	१२	११	७	५	४

अन्य मत—तुला को घात लग्न ९ और नक्षत्र उषा।

घात चन्द्र पर विचार—यात्रा, युद्ध, मृगया आदि में वर्जित है। अन्यत्र विवाह आदि में वर्जित नहीं है।

तीर्थ यात्रा, विवाह अन्नप्राशन, उपनयन आदि मङ्गल कार्य में घात चन्द्र का विचार नहीं करना। मेष राशि वाले को पहिला तुला राशि वाले को तीसरा इत्यादि प्रकार से जैसा ऊपर बताया है। चन्द्र देखकर विचारना। घात तिथि, घात वार, घात नक्षत्र का निषेध केवल यात्रा में हैं। शेष कार्यों में शुभ है।

क्षुधित राहु दिशा	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	ईशान	पश्चिम	आग्नेय	उत्तर	नैऋत्य
किस यामार्द्ध में	प्रथम	२	३	४	५	६	७	८

परन्तु दक्षिण भाग में स्थित सूर्य विचार कर गमन करे तो तिथि नक्षत्र आदि का दोष जाता रहता है।

याम राहु दिशा	पूर्व	वायव्य	दक्षिण	ईशान	पश्चिम	आग्नेय	उत्तर	नैऋत्य
विचार दिन प्रहरार्द्ध	॥	१	१॥	२	३	३	३॥	४
रात्रि प्रहरार्द्ध	४॥	५	५॥	६	६॥	७	७॥	८

आधे २ प्रहर के पूर्वादि चौथा-चौथी दिशा में राहु उल्टा चलता है। वह युद्ध यात्रा में दाहिने राहु जीत कराता है। तथा पीछे सामान्य है। परन्तु सन्मुख और बांये मृत्यु दायक है।

—→ —→ —→

पंथा राहु धर्म मार्ग १ अश्व. ८ पुष्य ९ श्ले. १६ विशा. १७ अनु. २४ धनि. २५ शत.
विचार अर्थ मार्ग २ भर. ७ पुन. १०मघा १५ स्वा. १८ ज्ये. २३ श्रव. २५ पूभा.
काम मार्ग ३ कृत. ६ आर्द्रा ११पूफा.१४ चित्रा १९ मूल. २२ अभि. २७उभा.
मोक्ष मार्ग ४ रोह. ५ मृग. १२उफा.१३ हस्त. २० पूषा. २१ उषा. २८ रेव.

—→ —→ —→

फल—धर्म मार्गी में सूर्य रहते यदि चन्द्र अर्थ मार्गी या मोक्ष मार्गी हो तो शुभ है
अर्थ ,, ,, ,, धर्म ,, ,, ,, ,,
काम ,, ,, ,, अर्थ या धर्म ,, ,, ,,
मोक्ष ,, ,, ,, अर्थ या धर्म मार्गी हो तो शुभ है।

इनके विपरीत अशुभ है।

पंथा राहु विचार—यात्रा में गमन करने का फल।

(१) धर्म मार्गी सूर्य और अर्थ मार्गी चंद्र = मार्ग में शत्रु भय
,, ,, ,, धर्म ,, ,, = संहार भय हानि
,, ,, ,, काम ,, ,, = विग्रह दारुण और चोर भय
,, ,, ,, मोक्ष ,, ,, = गृह लाभ और मार्ग सुख

(२) अर्थ मार्गी सूर्य और धर्म मार्गी चन्द्र = लाभ सदा सुखी लक्ष्मी प्राप्त
,, ,, ,, अर्थ ,, ,, = कार्य पहिले सिद्ध पीछे भंग हो
,, ,, ,, काम ,, ,, = सब काम सिद्ध
,, ,, ,, मोक्ष ,, ,, = भूमि लाभ हर्ष युक्त सुख मार्ग में स्थिरता

(३) काम मार्गी सूर्य और धर्म मार्गी चन्द्र = राजसम्मान हाथी घोड़ा भूमिलाभ
,, ,, ,, अर्थ ,, ,, = कार्य सिद्ध विघ्न नाश
,, ,, ,, काम ,, ,, = कार्य नाश भारी विग्रह
,, ,, ,, मोक्ष ,, ,, = राजा से लाभ सुवर्ण लाभ

(४) मोक्ष मार्गी सूर्य और धर्म मार्गी चन्द्र = सर्व सिद्ध हेम लाभ
,, ,, ,, अर्थ ,, ,, = कार्यनिष्फल राजा चोर शत्रु का भय
,, ,, ,, काम ,, ,, = जय हो सब काम सिद्ध हो।
,, ,, ,, मोक्ष ,, ,, = दारुण विग्रह और विघ्न।

यात्रा में युद्ध में विवाह में नगर आदि प्रवेश और व्यापार अर्थात् सर्व वस्तु के लेन देन में राहु मार्ग में सुखदायक होता है।

काल विचार—काल ८ हैं। उनमें गमन की जो तिथि हो उसको और काल के अंक को मिलाकर उस में ८ का भाग दें जो अंक बचे उस दिशा में वह काल का नाम जानना। प्रत्येक काल के नीचे अंक दिये हैं वह काल किस दिशा में हो उसमें तिथि जोड़ कर ८ का भाग देने से जो अंक बचे उस दिशा में वह काल होगा पूर्व दिशा को

आदि लेकर ८ दिशा हैं उनमें किस दिशा में काल होगा प्रगट हो जायगा । ८ का भाग देने से जो शेष बचे उससे यहां दिये क्रम से काल का नाम जानना ।

काल नाम	१	२	३	४	५	६	७	८
	काल	पल	पातक	लोहपात	बड़वानल	खंग	कवच	क्रांति
	३०	२५	६	१०	१	८	४	
कहां शुभ	पृष्ठ भाग में	सन्मुख भाग	पृष्ठ भाग	पृष्ठ भाग	पृष्ठ भाग	अग्र भाग में	वाम भाग	दक्षिण भाग

इस प्रकार दिशा विचार कर उस दिशा में गमन करे तो शुभ होगा ।

गोरख पद्धति से तिथि चक्र

पूष	माघ	फा०	चैत्र	वै०	जेठ	अ०	सा०	भादो	क्वार	का०	अ०	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	सौख्य	क्लेश	भय	धन लाभ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	शून्य फल	निर्धन	निर्धन	मिश्र निधन धनी
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	द्रव्य क्लेश	दुःख	इष्ट लाभ	धन
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	लाभ	सुख	मंगल	धन लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	लाभ	द्रव्य लाभ	धन	सौख्य
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	भय	लाभ	मरण	धन लाभ
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	लाभ	कष्ट	द्रव्य लाभ	सुख
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	कष्ट	सौख्य	क्लेश लाभ	सुख
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	सुख	लाभ	कार्य सिद्ध	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	क्लेश	कष्ट से सिद्धि	धन	धन
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	भरण	लाभ	द्रव्य लाभ	शून्य फल
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	शून्य फल	सुख	मरण	अति कष्ट

यहां ३ = १३ । ४ = १४ । ५ = १५ तिथि जानना ।

इससे मास तिथि और दिशा के विचार से यात्रा में शुभाशुभ विचारना ।

मुछंदर गोरखनाथ कृत चौपहरा मुहूर्त

पूष	माघ	फागुन	चैत्र	वैशाख	जेठ	अषाढ़	सावन	भादों	क्वार	कार्तिक	अगहन	प्रहर १	प्रहर २	प्रहर ३	प्रहर ४	तिथि	पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	अर्थ लाभ	सौख्य	अति सुख	राज पद	१	सुख	क्लेश	शुभ	गमनार्थ
२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	मला न हो	क्लेश	विघ्न	अति सुख	२	दुःख	निष्ट	विघ्न	मध्यम
३	४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	अर्थ प्राप्ति	राज पद	अति सुख	विघ्न	३	द्रव्य क्लेश	दुःख	अर्थ प्राप्ति	धन प्राप्त
४	५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	क्लेश	अशुभ	कार्य सिद्ध	अति भय	४	लाभ	सुख	मंडल	धन लाभ
५	६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	अर्थ लाभ	मित्र लाभ	शत्रु क्षय	कार्य सिद्ध	५	लाभ	धन	धना-लाभ	सुख गम
६	७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	संकट	क्लेश	सर्व सुख	कर्ज देना	६	शून्य	लाभ	मित्र लाभ	अर्थ गवन
७	८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	विलय	अर्थ प्राप्ति	यम-घंट	सर्व सुख	७	लाभ	कष्ट	द्रव्य लाभ	सुख प्राप्त
८	९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	यमघंट	अशुभ	सर्वसुख	यमघंट	८	कष्ट	सुख	क्लेश	सौख्य
९	१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	अर्थ लाभ	अशुभ	सुख से आ	सर्व सुख	९	सुख	लाभ	कार्य सिद्ध	कष्ट
१०	११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	चिंता	चिंता	कार्य सिद्ध	सुख सेआ	१०	क्लेश	दुःख	अर्थ गमन	धन प्राप्त
११	१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	विग्रह	विघ्न	सुख	सुख	११	मृत्यु	लाभ	द्रव्य नाश	मृत्यु प्रद
१२	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०	११	मृत्यु	मृत्यु	अशुभ	कार्य सिद्ध	१२	सुख	मृत्यु	अशुभ	कष्टप्रद

इसमें तिथि ३ = १३
कृष्ण पक्ष = ४ = १४
शुक्ल पक्ष ५ = १५

